नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

Publish Date:Thu, 31 May 2018 07:35 PM (IST)

संवाद सहयोगी, जसवंतनगर : थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला भगत से पुलिस ने नकली शराब बनाने की फै

संवाद सहयोगी, जसवंतनगर : थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला भगत से पुलिस ने नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। जब कि एक आरोपी भाग जाने में सफल रहा।

बुधवार की देर रात निरीक्षक शिवशंकर, उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र व महेन्द्र ¨सह गौतम हाईवे पर मॉडर्न तहसील चौराहे के समीप गश्त पर थे। उसी दौरान सूचना मिली कि ब्लाक क्षेत्र के ग्राम नगला भगत में डिप्टी ¨सह के लकड़ी के खोखे के समीप नकली शराब बेंची जा रही है। इस पर खोखे के पास बैठे तीन व्यक्तियों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। जिन्होंने अपना नाम रविन्द्र ¨सह निवासी बनकटी बुजुर्ग व चंद्रप्रकाश निवासी नगला भगत को गिरफ्तार कर लिया। जबकि डिप्टी ¨सह पुत्र पोप ¨सह निवासी नगला भगत अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया। पकड़े गए आरोपियों के घर की जब तलाशी ली गई तो उनके घर से क्रमश: मस्तीह शराब के 68 क्वार्टर तथा 25 क्वार्टर देशी शराब तथा शराब बनाने के उपकरण, होलोग्राम लगभग 200 से ज्यादा खाली क्वार्टर की बरामदगी दर्शाई गई है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/etawah-crime-18024129.html